देश में मेकअप की प्रतियोगिताएं कई बार आयोजित किए जाते हैं और युवाओं को प्रोत्साहित किए जाते हैं। इसी के चलते दिल्ली के पीतमपुरा में स्थित टेक्निआ ऑडिटॉरियम में रेडिक्स ब्यूटी द्वारा मेकअप सेमिनार और प्रेसटिजीयस अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को विक्की शर्मा और स्नेहा शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में सेलिब्रिटी गेस्ट के रुप में बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल और मॉडल शालिनी भाटिया ने शिरकत की। वही मुख्य अतिथि के रुप में नई नई दिल्ली से एसडीएम डॉ नितिन शाक्य और गणमान्य अतिथि के रुप में तिहाड़ जेल के एडिशनल सुपरीटेंडेट अजय भाटिया, नजफगढ़ जोन के एसडीएम विनय कौशिक, दिव्य दिल्ली मीडिया नेटवर्क के संपादक राजेश चौहान और अनिल अरोड़ा सह संपादक एवं निदेशक चेतन एडवरटाइजिंग ने शिरकत की। इस आयोजन में आए सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में मेकअप सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आकर लोगो ने इस सेमिनार में हिस्सा लिया। इस सेमिनार में ब्राइडल मेकअप, वेस्टर्न मेकअप, हेयर डिजाईनर और हेयर कटिंग सिखाई गई। इस दौरान सीनियर मेकअप आर्टिस्ट रेणु चौधरी, पूनम और मंजू डागर द्वारा मेकअप आर्टिस्ट को जज किया

गया। इस दौरान सभी मॉडल्स और मेकअप आर्टिस्ट ने रेम्प वॉक भी की। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी और गिफ्टस से सम्मानित किया गया।. इस कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने जमकर सराहना भी की। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक विक्की शर्मा ने अपने जन्मदिन के मौके पर केक भी काटा।

त्वचा के लिए कोलेजन क्या कार्य करता है

◆ पंडित महेश चन्द्र त्रिपाठी

आयुर्वेद विशेषज्ञ

कोलेजन (Collagen) शरीर में सबसे अधिक मात्रा में पाए जाने वाला प्रोटीन है। यह हड्डियों, मांसपेशियों, त्वचा और टेंडन (tendon:: हड्डियों और मांसपेशियों को जोड़ने वाला तत्व)। कोलेजन शरीर की बनावट और ताकत के लिए महत्वपूर्ण होता है।

रएंडोजेनस कोलेजनर प्राकृतिक कोलेजन होता है, जो शरीर में अपने आप बनता है। एंडोजेनस कोलेजन के कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित होता है।

रएक्सोजेनस कोलेजनर बाहरी कारकों से बना कोलेजन होता है। इसको बाहरी स्त्रोतों और पूरक दवाओं से लिया जाता है। इसको चिकित्सीय और कॉस्मेटिक (सौंदर्य प्रसाधन) उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ऊतकों को स्वस्थ रखने के लिए भी एक्सोजेनस कोलेजन का उपयोग किया जाता है।



कोलेजन क्या है -

कोलेजन एक ठोस, अघुलनशील (बिना घुलने वाला) और रेशेदार प्रोटीन है। शरीर में जितना प्रोटीन होता है, यह उसका एक-तिहाई हिस्सा होता है।

अधिकांश कोलेजन के अणु एक दूसरे के साथ मिलकर लंबे और पतले रेशे बनाते हैं, जिन्हे रफाइब्रिलर कहा जाता है। यह फाइब्रिल एक साथ बंधे होते हैं जिससे यह एक दूसरे को मजबूती प्रदान करते हैं। और इन्ही से त्वचा को ताकत और लोच मिलती है।

वैसे तो करीब 16 विभिन्न प्रकार के कोलेजन होते हैं, लेकिन शरीर में 80 से 90 प्रतिशत कोलेजन की मात्रा सिर्फ तीन प्रकार के कोलेजन की ही होती है। इन तीन प्रकार के कोलेजन के नाम हैं कोलेजन टाइप 1, कोलेजन टाइप 2, और कोलेजन टाइप 3।

इन विभिन्न प्रकार के कोलेजन की अलग-अलग बनावट और कार्य हैं। शरीर के अंदर मौजूद कोलेजन मजबूत और लचीले होते हैं। टाइप 1 प्रकार के कोलेजन के रेशे विशेष रूप से लचीले और मजबूत होते हैं। अगर स्टील और टाइप 1 कोलेजन के रेशों की समान मात्रा लेकर तुलना करें, तो ये रेशे स्टील से अधिक मजबूत होते हैं।

कोलेजन के कार्य क्या हैं ?

कोलेजन कई कोशिकाओं से निकलता है, लेकिन मुख्य रूप से, संयोजी ऊतक (कनेक्टिव टिश्यु) की कोशिकाओं से स्रावित होता है।

त्वचा के अंदर की मध्यम परत (जिसे रडर्मिसर कहते हैं) में कोलेजन रेशों की मदद से कोशिकाओं का एक रेशेदार जाल सा बनाता है, जिसको रफाइब्रोब्लास्टर नाम से जाना जाता है। यह त्वचा की मृत कोशिकाएं को हटाने व नई कोशिकाओं को बनाने का कार्य करता है।

इसके अलावा, कुछ कोलेजन किडनी जैसे अन्य नाजुक अंगों को बचाने के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम करते हैं।

कोलेजन के फायदे :-

1. कोलेजन के फायदे स्किन के लिए :-
2. कोलेजन के लाभ बालों के लिए -
3. कोलेजन के गुण जोड़ों का दर्द के लिए -
4. कोलेजन का उपयोग मांसपेशियां के लिए -

आयु के साथ शरीर में कोलेजन की कमी होने लगती है, जिससे त्वचा सम्बन्धी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। उद्धरण के तौर पर, चहरे पर झुर्रियां आने लग जाती हैं। महिलाओं में खास तौर से, रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) के बाद तेजी से कोलेजन की कमी होने लगती है। और 60 की उम्र के बाद तो कोलेजन के बनने में गिरावट आना एक बहुत ही सामान्य बात है।

कोलेजन के लाभ बालों के लिए -

कोलेजन बालों को बढ़ने और दोबारा आने में काफी मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर में रफ्री रेडिकल्सस्र (शरीर में मौजूद हानिकारक तत्व) के उत्पादन को कम करते हैं। शरीर में बनने वाले फ्री रेडिकल्स विभिन्न चयापचय (मेटाबॉलिज्म) प्रक्रियाओं की वजह से बनते हैं और यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचाते हैं। यही बालों के झड़ने का कारण भी बनते हैं। लेकिन बालों में पर्याप्त मात्रा में कोलेजन होने से, बाल के रोम मजबूत होते हैं और इससे बाल बढ़ने में मदद मिलती है। कोलेजन लेने से आपके बाल घने होने के साथ ही मजबूत और स्वस्थ बनते हैं।

कोलेजन के गुण जोड़ों का दर्द के लिए -

उम्र बढ़ने के साथ ही हड्डियों के जोड़ों पर मौजूद काटीर्लेज (हड्डियों को जोड़ने वाले मजबूत और लचीले ऊतक) कम होने लगता है, जिससे आपको जोड़ों में दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है। कोलेजन से जोड़ों में दर्द और गठिया के लक्षण को कम करने में मदद मिल सकती है।

एक अध्ययन में शामिल कुछ लोगों को 90 दिनों तक मुर्गी की गर्दन से बने टाइप 2 कोलेजन के पूरक (सप्लीमेंट) को दिया गया। कुछ दिनों के बाद इन लोगों में ऑस्टियोआर्थराइटिस रोग के लक्षण में 40 प्रतिशत की कमी देखी गई जबकि अन्य लक्षणों की गंभीरता भी करीब 33 प्रतिशत तक कम हो गई। कोलेजन के इसी सप्लीमेंट के साथ 1993 में हुए एक अन्य अध्ययन में रूमेटाइड आर्थराइटिस वाले लोगों की सूजन और जोड़ों के दर्द में कमी पाई गई थी।

कोलेजन मांसपेशी ऊतकों का एक प्रमुख अंग होता है, इस कारण मांसपेशियों के द्रव्यमान

कोलेजन के गुण जोड़ों का दर्द के लिए -

उम्र बढ़ने के साथ ही हड्डियों के जोड़ों पर मौजूद काटीर्लेज (हड्डियों को जोड़ने वाले मजबूत और लचीले ऊतक) कम होने लगता है, जिससे आपको जोड़ों में दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है। कोलेजन से जोड़ों में दर्द और गठिया के लक्षण को कम करने में मदद मिल सकती है।

एक अध्ययन में शामिल कुछ लोगों को 90 दिनों तक मुर्गी की गर्दन से बने टाइप 2 कोलेजन के पूरक (सप्लीमेंट) को दिया गया। कुछ दिनों के बाद इन लोगों में ऑस्टियोआर्थराइटिस रोग के लक्षण में 40 प्रतिशत की कमी देखी गई जबकि अन्य लक्षणों की गंभीरता भी करीब 33 प्रतिशत तक कम हो गई। कोलेजन के इसी सप्लीमेंट के साथ 1993 में हुए एक अन्य अध्ययन में रूमेटाइड आर्थराइटिस वाले लोगों की सूजन और जोड़ों के दर्द में कमी पाई गई थी।

कोलेजन के बेनिफिट पाचन तंत्र के लिए -

कोलेजन कनेक्टिव टिशु (संयोजी ऊतक) और पाचन तंत्र को सुरक्षा प्रदान करने वाले अस्तर को मजबूत करता है। यह बेहद महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि आंतों की प्रक्रिया में बाधा के कारण आपके खून में कई तरह के तत्व पहुंच सकते हैं और इसकी वजह से सूजन भी हो सकती है।

वर्ष 2003 में हुए एक अध्ययन में इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (पाचन तंत्र में दीर्घकालिक सूजन) वाले करीब 170 लोगों को लिया गया और देखा कि अधिकतर लोगों में कोलेजन का स्तर काफी कम है।

कोलेजन के फायदे स्किन के लिए -

कोलेजन का सबसे महत्वपूर्ण फायदा यह है कि वह त्वचा को चमकदार और स्वस्थ बनाने के लिए उपयोगी होता है। यह आवश्यक प्रोटीन आपकी त्वचा को लोच प्रदान करता है, जिससे आप जवान और स्वस्थ दिखाई देते हैं। लेकिन जैसे ही आपकी उम्र बढ़ती है कोलेजन का स्तर कम होना शुरू हो जाता है, जिसके चलते आपकी त्वचा में रूखापन, ढीलापन और झुर्रियां आने लगती हैं।

वर्ष 2014 में एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में 35 से 55 आयु की 69 महिलाओं को शामिल किया गया। इनमें से 46 महिलाओं को कोलेजन पूरक (सप्लीमेंट) दिया गया, जबकि बाकि महिलाओं को रप्लेसीबोस्र (रासायनिक रूप से निष्क्रिय गोलियां) दिया गया। चार सप्ताह के बाद कोलेजन लेने वाली महिलाओं की त्वचा की लोच में सुधार देखा गया। इसी तरह के अन्य अध्ययन में भी कोलेजन की मदद से आठ सप्ताह के अंदर महिलाओं की झुर्रियों को कम होते पाया गया।

कोलेजन के लाभ बालों के लिए -

कोलेजन बालों को बढ़ने और दोबारा आने में काफी मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर में ₹फ्री रेडिकल्स₹ (₹फ्री रेडिकल्स₹ शरीर में मौजूद हानिकारक तत्व) के उत्पादन को कम करते हैं। शरीर में बनने वाले फ्री रेडिकल्स विभिन्न चयापचय (मेटाबॉलिज्म) प्रक्रियाओं की वजह से बनते हैं और यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचाते हैं।

यही बालों के झड़ने का कारण भी बनते हैं। लेकिन बालों में पर्याप्त मात्रा में कोलेजन होने से, बाल के रोम मजबूत होते हैं और इससे बाल बढ़ने में मदद मिलती है। कोलेजन लेने से आपके बाल घने होने के साथ

इससे पता चला कि कोलेजन की मात्रा को बढ़ाने से जठरांत्र मार्ग के ऊतकों की परत को बनने में मदद मिलती है और आपकी आंते स्वस्थ होती हैं। हालांकि, कोलेजन सप्लीमेंट के पाचन तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर बेहद कम रिसर्च हुई हैं।

कोलेजन के भोजन -

आप अपने आहार में कुछ खाद्य पदार्थों को शामिल करके कोलेजन के स्तर को बढ़ा सकते हैं। नीचे जानते हैं कोलेजन को बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ।

1. खटे फल - विटामिन सी से आपके शरीर को कई तरह से लाभ मिलते हैं, साथ ही यह कोलेजन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करता है। विटामिन सी एक ऐसा एंटीऑक्सीडेंट है जो कोलेजन के संश्लेषण को बढ़ाता है। आपको अपने आहार में विटामिन सी युक्त फलों को भी शामिल करना चाहिए और रोजाना नींबू, संतरा और खट्टे फलों को खाना चाहिए।

2. मछली - मछली में अधिक मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड मौजूद होता है, जो आपकी कोशिकाओं के संचार के लिए जरूरी होता है। स्वस्थ कोशिकाएं आपकी त्वचा की बनावट के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं।

3. हरी सब्जियां - ब्रोकली और पालक जैसी सब्जियां प्रभावशाली ढंग से कोलेजन के स्तर को बढ़ाती हैं। यह धुएं, धूल, सिगरेट के धुएं और अत्यधिक सूर्य के संपर्क के कारण कोलेजन क्षति को रोकने में भी मदद करती हैं।

4. लाल रंग की सब्जियां - रिसर्च से पता चला है कि कुछ लाल रंग की सब्जियों में लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो कोलेजन को बढ़ाने में मदद करता है। चुकंदर, मिर्च और टमाटर से आप इस एंटीऑक्सीडेंट को प्राप्त कर सकते हैं। लाइकोपीन न सिर्फ कोलेजन को बढ़ाने का काम करता है, बल्कि सूर्य की किरणों से भी त्वचा को सुरक्षा प्रदान करता है।

6. नारंगी रंग की सब्जियां - शकरकंद और गाजर जैसे नारंगी सब्जियों से आप कोलेजन की आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। इस तरह की सब्जियां में विटामिन ए मौजूद होता है, जो कोशिकाओं के निर्माण और त्वचा को स्वस्थ रखने में प्रमुख भूमिका निभात है। नारंगी फल जैसे आम और खुबानी बीटा कैरोटीन के भी मुख्य स्त्रोत होते हैं, जो शरीर में पहुंचकर विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है।

7. बेरीज - बेरीज (छोटे आकार के रस भरे फल) त्वचा को स्वस्थ बनाने वाले फल हैं। काले शहतूत, चेरी, जामुन आदी शरीर में कोलेजन के निर्माण में सहायक होते हैं। यह त्वचा के लिए आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं।

8. लहसुन और जैतून - सदियों से सल्फर का उपयोग त्वचा रोग और बालों में रूसी के लिए किया जाता रहा है। लहसुन के अलावा हरे व काले जैतून में भी सल्फर अधिक मात्रा में मौजूद होता है, जो जोड़ो और त्वचा में कोलेजन को बढ़ाने में अहम माना जाता है।

9. अंडे - शरीर के लिए स्वस्थ प्रोटीन की आवश्यक होती हैं और अंडा इसका मुख्य स्त्रोत माना जाता है। अंडा कोलेजन उत्पादन में आवश्यक लाइसाइन और प्रोलिन नामक अमीनो एसिड की पूर्ति करता है।

10 अनानस - अनानास और उसका जूस शरीर में कोलेजन को संश्लेषित करने में मदद करता है। इसको खाने से त्वचा में चमकदार बनती है।

आदत डालिये सुबह जल्दी उठने की

रश्मि शर्मा

कामकाजी महिलाओं की बात को अगर छोड़ भी दिया जाय तो कुछ घरेलू महिलाएं भी ऐसी होती हैं जो सुबह से लेकर देर रात तक काम करते–करते इतना थक जाया करती हैं कि उन्हें भी सुबह उठने में प्रायः देर हो जाया करती है। जिन्हें सुबह बिस्तर छोड़ने में देर होती है, वे शायद यह नहीं जानते कि यदि सुबह से ही आलस्य को पास फटकने दिया जाएगा तो उनका पूरा दिन सुस्ती में ही जाएगा।

एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोज तकरीबन छह से आठ घंटे की नींद आवश्यक होती है। अगर आप इतनी देर नहीं सोती हैं। तो आपका शरीर कमजोर हो जायेगा और आपको बहुत अधिक तकलीफ होगी लेकिन जिस तरह कम सोना सेहत के लिए हानिकारक है, उसी प्रकार अधिक सोना भी सेहत के लिए ठीक नहीं होता।

मेडिकल साइंस ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि कोई स्वस्थ व्यक्ति आठ घंटे से अधिक सोता है तो उसके हृदय संबंधी और अन्य रोगों से ग्रस्त होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार अधिक सोने या कम सोने से स्त्री की सेक्स क्षमता तो कम होती है साथ ही उसकी सुन्दरता, चंचलता, आकर्षण, पाचनशक्ति आदि भी कमजोर या क्षीण होने लग जाती हैं।

चिकित्सकों के अनुसार जहां तक हो सके, युवाओं को चौबीस घंटे में कम से कम आठ घंटे तक सोना ही चाहिए भले ही यह एक बार में न होकर टुकड़ों में भी हो सकता है। ठंड के दिनों में बिस्तर से उठना मुश्किल होता है क्योंकि ठंड के मौसम में नींद बहुत अच्छी आती है। इस मौसम में जल्दी उठने के लिए आपके अंदर दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। आप भी सुबह जल्दी उठ सकते हैं, इसके लिए आप निम्नांकित टिप्स को अपना सकते हैं :–

✦ सुबह का व्यायाम स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। सुबह के व्यायाम से पूरे दिन तरो ताजगी महसूस होती रहती है। इसका एक और फायदा यह है कि आप नियमित रूप से व्यायाम करेंगी तो आपका शरीर भी बेडौल नहीं होगा क्योंकि इससे शरीर में अतिरिक्त चर्बी नहीं चढ़ पाती। रोज सुबह व्यायाम करने से एक नियमित दिनचर्या भी बन जाती है, साथ ही ब्लडप्रेशर भी नियंत्रित रहता है। व्यायाम से शरीर की जैविक घड़ी भी व्यवस्थित हो जाती है। इस कारण आपकी नींद सुबह खुद व खुद खुल जायेगी।

✦ सोने से पहले आप यह दृढ़ निश्चय कर लें कि सुबह आपको समय पर ही उठना है। कुछ दिनों में आप स्वयं देखेंगी कि आपकी नींद समय पर ही टूटने लगी है।

✦ अगर आपकी नींद सुबह एक बार खुलने के बाद फिर लग जाती है तो आप सुबह उठते ही रेडियो या टी. वी. ऑन कर सकती हैं या फिर भजन का कोई कैसेट लगा सकते हैं। इससे आप उठकर दुबारा नहीं सो सकेंगे।

✦ कमरे की खिड़कियां या रोशनदान रात को खुला रखें। इस से कमरे में ताजी हवा भी आती रहेगी और सुबह आपकी नींद भी जल्दी खुल जाया करेगी।

✦ कोशिश कीजिए कि रात को आठ बजे से पहले डिनर कर लें और डिनर में हल्का खाद्य पदार्थ ही लें। डिनर लेने के दो घंटे बाद बिस्तर पर जाकर लेट जाइये। कुछ देर में ही नींद आ जाएगी और नींद पूरी होने के कारण आप सुबह जल्दी उठ भी जायेंगे।

त्वचा स्वास्थ्य व सौंदर्य सुरक्षा

◆ महिमा वर्मा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ

सौंदर्य का पहला परिचायक स्वस्थ दमकती हुई कांतिवान त्वचा होती है। स्वस्थ त्वचा में एक नैसर्गिक चमक होती है चाहे जो भी उम्र हो। बाह्य सौंदर्य आन्तरिक स्वास्थ्य को प्रतिबिंबित करता है। सौंदर्य वर्धन के लिए यह जरूरी है कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक तरीकों द्वारा त्वचा, बालों, नाखूनों एवं शरीर की देखभाल की जाए। यह ध्यान देने योग्य बात है कि सौंदर्य को स्वास्थ्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। जैसे अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अनेकों बातों को ध्यान में रखना होता है जैसे भोजन, व्यायाम, जीवन शैली, पर्याप्त नींद, डिटॉक्स इत्यादि, उसी प्रकार सौंदर्य वर्धन एवं रक्षा भी एक निरंतर प्रक्रिया है।

त्वचा को हमेशा स्वस्थ एवं दमकता हुआ बनाए रखने के लिए पोषण युक्त सही आहार लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रश्न यह उठता है कि यह आहार किन पोषक तत्वों से भरपूर हो जो त्वचा, बालों, नाखूनों एवं सम्पूर्ण शरीर को स्वास्थ्य के साथ सौंदर्य वर्धन में भी सहायक हो। आज के लेख में हम इन्हीं तत्वों के बारे में जानकारी देंगे। ये तत्व भोज्य पदार्थ के रूप में अथवा सप्लिमेंट्स के रूप में ग्रहण किए जा सकते हैं। कई तत्व तेल, क्रीम अथवा सीरम के रूप में भी उपलब्ध रहते हैं।

त्वचा का स्वास्थ्य व सौंदर्य बनाए रखने के लिए आवश्यक न्यूट्रिएन्ट्स भोजन, सप्लिमेंट्स, तेल, क्रीम, सीरम, नहाने का साबुन इत्यादि द्वारा आन्तरिक एवं बाह्य रूप के द्वारा शरीर में पहुंचाए जा सकते हैं।

त्वचा स्वास्थ्य व सौंदर्य रक्षा के सहायक तत्व

बायोटिन -

यह B विटामिन्स में से एक है इसे B7 भी कहा जाता है। यह पानी में घुलनशील है, इसका अर्थ यह है कि शरीर में इसका संग्रहण नहीं होता है। यह शरीर में भोजन को ऊर्जा में परिवर्तित करने में सहायक है।

बायोटिन त्वचा, बालों एवं नाखूनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। B विटामिंस उन एमिनो एसिड के निर्माण में सहायक होते हैं जो केराटिन का उत्पादन करते हैं, जो बालों का एक मुख्य तत्व है। अतः बायोटिन युक्त भोजन निश्चित तौर पर बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक होता है। ठीक इसी

L ग्लुटाथिओन -

यह मानव कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से पाया जाने वाला एंटी आक्सीडेन्ट है जो फ्री रैडिकल्स को बेअसर करता है।



अनेकों एक्सपर्ट्स के अनुसार यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण एन्टी आक्सीडेन्ट है क्योंकि यह शरीर में अन्य एन्टी आक्सीडेन्ट के कार्यों को सहयोग देता है। यह प्रतिरोधी तंत्र की क्षमता बढ़ाता है एवं शरीर को डिटॉक्स भी करता है। यह ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकने में सहायक होता है एवं बढ़ती उम्र के चिन्हों को रोकता है। साथ ही यह टाइरोसिनेस एंजाइम को निष्क्रिय करता है जो पिगमेंट्स का उत्पादन करता है। यह मेलेनिन का रंग हल्का करने की प्रक्रिया में मदद करता है जिससे त्वचा का रंग उज्जवल होता है। यह एक अत्यंत ही शक्तिशाली एन्टी अक्सीडेन्ट है जो शरीर की कोशिकाओं में ही निर्मित होता है। उम्र बढ़ने, स्ट्रेस के कारण एवं टॉक्सिन्स के आक्रमणों से इसका स्तर घटने लगता है। इसके स्तर को सप्लिमेंट्स द्वारा या उन सामग्रियों द्वारा जो इसका स्तर बढ़ाने में सहायक हो के द्वारा बढ़ाया जा सकता है, जिससे अनेकों स्वास्थ्य वर्धक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं एवं अक्सीडेटिव स्ट्रैस में भी कमी लाई जा सकती है।

इसके प्रयोग से त्वचा की उज्जवलता को सदैव के लिए बनाए रखा जा सकता है बशर्ते धूप से बचाव किया जाए। इसके प्रयोग से त्वचा इसलिए उज्जवल रहेगी क्योंकि यह डार्क मेलेनिन पिग्मेंट्स को लाइट कर देता है एवं मेलेनोसाइट्स को कम करता है जो मेलेनिन का निर्माण करता है। निष्कर्ष कम मेलेनिन, अधिक उज्ज्वल त्वचा। यह क्रीम व ओरल सप्लिमेंट्स के रूप में उपलब्ध होता है।

साचा इंची ऑइल -

साचा इंची जिसे इंका पीनट के नाम से भी जाना जाता है। यह पेरू के हाइलैंड्स में पायी जाने वाली वनस्पति का बीज है। अमेजॉन रेन फॉरेस्ट में यह लगभग 3000 वर्षों से पाया जाता रहा है। किंतु इसके स्वास्थ्य वर्धक परिणामों के कारण इस पर हाल ही में अधिक कार्य किया जा रहा है। इसकी संरचना बहुत ही अद्भुत क्योंकि इसमें ओमेगा 3, ओमेगा 6, एवं ओमेगा 9 हेल्दी फैट्स का सम्मिश्रण है। ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 को हमें आहार में सीधे शामिल करना होता है क्योंकि शरीर इसको अन्य खाद्य सामग्री से सिंथेसिस नहीं कर सकता है। इनकी डेफिशियन्सी से डर्मेटाइटिस, ड्राइ स्किन, एवं स्केली त्वचा हो जाती है एवं कई बार बालों का झड़ना भी देखा गया है। साचा इंची ऑइल स्वाभाविक सीरम उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है जो त्वचा को कम उम्र लगने वाली एवं दमकता हुआ बनाता है। यह एक नैचुरल सन स्क्रीन का भी कार्य करता है। इसमें पाया जाने वाला एक प्रकार का विटामिन E जो त्वचा पर UV - B रेडिएशन द्वारा होने वाले डैमेज को कम करता है।

त्वचा के लिए इसका तेल बहुत ही लाभदायक होता है। यह त्वचा पर बहुत अच्छे से फैल जाता है और मॉइश्चराइज करता है। शरीर त्वचा पर से ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 बहुत अच्छे से ग्रहण कर लेता है। सीबम का उत्पादन बढ़ने लगता है एवं त्वचा मुलायम होने लगती है। लंबे समय तक उपयोग करने से त्वचा की रंगत अधिक उज्ज्वल होने लगती है। ये असर विटामिन ए की उपस्थिति से होते हैं।

तरह बायोटिन त्वचा स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन फैटी एसिड्स के उत्पादन में सहायक है जो त्वचा को पोषण देते हैं और त्वचा का रंग स्वच्छ बनाए रखते हैं। बायोटिन नए कोशिका निर्माण में सहायता करता है एवं तैलीय ग्रंथियों के सुचारू रूप से कार्य में भी जो त्वचा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मजबूत नाखूनों के लिए भी बायोटिन महत्वपूर्ण है। कमजोर, जल्दी टूटने वाले नाखूनों की समस्या से मुक्ति पाने के लिए बायोटिन सप्लिमेंट का प्रयोग भी लाभदायक पाया गया है। बायोटिन लिवर, अंडों, सालमन मछली, केले, शकरकंद, बादाम, अखरोट, गाजर, दूध, यीस्ट, मूंगफली, पालक इत्यादि में पाया जाता है। इसे बहुत आसानी से रोज के भोजन में शामिल किया जा सकता है।

कोलाजन पेप्टाइड -

कोलाजन शरीर में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला प्रोटीन है। यह त्वचा, मांसपेशियों, रक्त, हड्डियों, कार्टिलेज एवं लिगमेंट्स में पाया जाता है। पेप्टाइड का अर्थ है शॉर्ट चेन ऑफ अमीनो एसिड। अर्थात कोलाजन अमीनो एसिड्स से बना हुआ एक प्रोटीन है। ये अमीनो एसिड्स हैंग्लायसिन, प्रोलाइन, हाइड्रोऑक्सीप्रोलाइन एवं आजीनिाइन।

कोलाजन के प्रमुखतम कार्य हैं -

1) त्वचा के लचीलेपन को बढ़ाना
2) हड्डियों एवं मांसपेशियों की साथ में पकड़ बनाए रखना
3) शरीर के अंगों की रक्षा करना
4) जोड़ों एवं टेंडन को स्ट्रक्चर प्रदान करना

शरीर नियमित रूप से कोलाजन का उत्पादन करता है परंतु यह प्रक्रिया उम्र बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है। कुछ जीवन शैली से जुड़ी आदतों जैसे धूम्रपान, सूर्य किरणों में एक्सपोजर, असंतुलित आहार इत्यादि के कारण शरीर में कोलाजन उत्पादन में कमी या रुकावट आ जाती है। जिसके कारण त्वचा ढीली पड़ने लगती है एवं झुर्रियां भी आने लगती हैं। त्वचा में रूखापन आने लगता है।एक स्वस्थ कोलाजन स्तर बनाए रखना त्वचा स्वास्थ्य एवं शरीर के अनेकों अन्य प्रकार्यों के लिए भी आवश्यक हो जाता है। अतः कई बार यह आवश्यक हो जाता है कि कोलाजन की आपूर्ति को फिर से रीजनरेट किया जाए। एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी यह है कि कोलाजन को सिंथेसाइज करने के लिए विटामिन C अत्यंत ही आवश्यक है। दैनंदिन जीवन में विटामिन C युक्त ऑइल्स को शामिल करने से शरीर में कोलाजन उत्पादन स्वाभाविक रूप से बढ़ सकता है।

विटामिन C -

(एस्कॉरबिक एसिड) एन्टी ऑक्सीडेन्ट गुणों एवं कोलाजन सिंथेसिस में महत्वपूर्ण भूमिका के कारण विटामिन C त्वचा स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण मॉलिक्यूल है। एस्कॉरबिक एसिड का स्किन सेल्स पर लाभदायक प्रभाव पड़ता है। यह त्वचा में कोलाजन उत्पादन को बढ़ावा देता है। जिसके कारण त्वचा में कसावट एवं भराव आता है। साथ ही उम्र जनित रेखाओं एवं झर्रियों में भी कमी आती है। इसके एंटी ऑक्सीडेन्ट गुण फ्री रेडिकल्स एवं UV रेडिएशन द्वारा हुए डैमेज से लड़ने में सहायक होते हैंजिसके परिणामस्वरुप त्वचा में एन्टी एजिंग प्रभाव पड़ता है एवं त्वचा कम उम्र नजर आती है। विटामिन C एंजाइम Tyrosinase को रोकता है जिससे मेलेनिन उत्पादन में कमी आती है। विटामिन C पिगमेंटेशन को हल्का करने में सहायता करता है, किन्तु सामान्य त्वचा का रंग हल्का नहीं करता। यह स्वस्थ चमकती त्वचा के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि यह स्किन सेल्स का निरंतर नवीनीकरण करता है जो स्किन के टेक्सचर व रंग को निखारता है।

होल के -

सोरेसिस त्वचा संबंधी एक ऑटो इम्यून रोग है, यह किस एंटीजन से ट्रिगर होता है अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है। यह रोग सिस्टेमेटिक इन्फ्लेमेशन एवं ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के बढ़े हुए स्तर के कारण होता है।

ग्लोइंग स्किन & बॉडी स्पा

“स्पॉ ट्रीटमेंट की शुरूआत सिर पर तेल डालकर की जाती है। इससे त्वचा डिटॉक्स किया जाता है। उसके बाद विभिन्न प्रकार के फूलों, वनस्पतियों से तैयार पैक लगाकर मालिश की जाती है। मसाज के बाद कुछ मिनटों के लिए स्टीम बाथ टब में बैठाया जाता है।

आज की व्यस्त जीवनशैली में स्त्रियां अपने शरीर पर ठीक से ध्यान नहीं दे पातीं। इसके कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, बढ़ते प्रदूषण के कारण भी शरीर पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए अगर आप खुद को तरोताजा और अपनी त्वचा को हमेशा दमकाना चाहती हैं, तो स्पा एक बेहतर ऑप्शन है।

बॉडी स्पॉन्ज

घर पर बॉडी स्पा करना हो तो पहले बाथ टब में

गुनगुना पानी भर लें और उसमें शॉवर जेल और दो चम्मच सी-सॉल्ट मिलाएं। इसके बाद पूरे शरीर पर एरोमेटिक ऑयल से लगभग 15-20 मिनट तक मसाज करें या एक कटोरी दही में एक चम्मच सी-सॉल्ट मिलाकर त्वचा पर हल्के हाथों से मलें। फिर बाथ टब में आराम से 30 मिनट तक बैठ जाएं। इससे मृत त्वचा निकल जाएगी और शरीर की स्ट्रेस व थकान दूर होगी।

स्टीम स्पा

स्पॉ ट्रीटमेंट की शुरूआत सिर पर तेल डालकर की जाती है। इससे त्वचा डिटॉक्स किया जाता है। उसके बाद विभिन्न प्रकार के फूलों, वनस्पतियों से तैयार पैक लगाकर मालिश की जाती है। मसाज के बाद कुछ मिनटों के लिए स्टीम बाथ टब में बैठाया जाता है। स्पा थेरेपी की पूरी प्रक्रिया में 30 से 40 मिनट का समय लगता है।

चॉकलेट स्पा

डार्क चॉकलेट, मिल्क चॉकलेट, वनीला, कोको आदि फ्लेवर की आपने चॉकलेट जरूर खाई होंगी। लेकिन इससे अच्छा स्पा ट्रीटमेंट भी होता है। डार्क और कोको चॉकलेट से मसाज करने के बहुत फायदे होते हैं। चॉकलेट की खुशबू से डिप्रेशन दूर हो जाता है। चॉकलेट थेरेपी से झुर्रियां, चेहरे के दाग-धब्बे व झाइयां आदि भी गायब हो जाती हैं। चेहरे पर निखार आ जाता है। इससे फैट बर्न भी होता है, जो सेल्यूलाइट को खत्म करने में मदद करता है। चॉकलेट एंटी एजिंग होती है। इसलिए इस थेरेपी के बाद त्वचा कोमल हो जाती है।

अरोमा थैरेपी

सर्दियों में अरोमा थेरेपी सबसे ज्यादा अच्छी रहती है। इसमें अरोमा ऑयल से मसाज किया जाता है। इसके साथ ही स्टीम बाथ कराया जाता है। साथ ही आमंड ऑयल व हॉट ऑयल मसाज के साथ बॉडी पॉलिशिंग की भी काफी मांग रहती है।

अधिक देर तक न देखें टीवी

संगीता पाराशर

टीवी यानी दूरदर्शन आज मानव का एक अच्छा दोस्त किन्तु बुरा दुश्मन बन चुका है। दोस्त इसलिए चूंकि यह मनोरंजन व ज्ञानवर्धन का एक सस्ता और सशक्त माध्यम है तथा दुश्मन इसलिए क्योंकि एक ओर इसने जहां सामाजिक संबंधों की खाई को और अधिक गहरा किया है वहां दूसरी ओर यह हमारे शारीरिक, मानसिक व आंखों के स्वास्थ्य को भी चौपट करता जा रहा है।

टीवी को लेकर विशेषकर आंखों के बारे में बहुत चिंता की जाती रही है। इसे देखने से आंखें खराब हो सकती हैं किंतु तभी जब इसे गलत तरीके से देखा जाए। अतः यह जान लेना आवश्यक है कि इसे देखते समय क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। मुख्यतः ये निम्नलिखित हैं :–

✦ इसकी ऊंचाई आंखों के समानान्तर और दूरी दस–पन्द्रह फीट रखें।

✦ लेट कर, अधलेटी तथा झुकी अवस्था में इसे देखने से आंखों में अनावश्यक खिंचाव पैदा हो सकता है, चूंकि रेटिना पर चित्र को फोकस करने के लिए नेत्र लेंस को विशेष परिश्रम करना पड़ता है अतः इस स्थिति से बचाव के लिए हमेशा सीधे बैठ कर ही टीवी देखें।

✦ अपने टी.वी. सैट पर ऊपर से लगने वाली 'एन्टीग्लेयर स्क्रीन' अवश्य लगवा लें।

✦ इसे सिनेमा हाल की तरह पूर्ण अंधकार में नहीं देखें। हल्की रोशनी अवश्य रखें। रोशनी का स्रोत या तो आपके बैठने के स्थान के पीछे की ओर हो या टीवी के पीछे इसका प्रबंध करें।

✦ लगातार कभी स्क्रीन पर दृष्टि केंद्रित नहीं करनी चाहिए।

✦ जल्दी जल्दी तेजी से बदलने वाले एक्शन दृश्यों को आंखें गड़ाकर न देखें। पलकों को बंद कर लें। पिक्चर ठीक न आने या मूल चित्र के साथ दूसरे तीसरे चित्र भी आने पर टीवी ठीक करने के उपरान्त ही देखें। अवरोध उत्पन्न होने पर इस पर से निगाहें हटा लें।

✦ रंगीन टीवी को इसके रंग अधिक तेज करके नहीं देखें।

✦ टीवी बन्द करने पर इसके अंतिम चित्र की छाया स्क्रीन पर लगभग अस्सी मिली सेकन्ड तक बनी रहती है। इस पर दृष्टि कभी न गड़ाएं।

इसके अतिरिक्त बहुत अधिक अवधि तक लगातार भी इसे नहीं देखना चाहिए। इस पर वीडियो या समुराई गेम्स भी लगातार न देखें। विशेषकर बीमार आंखों वालों को बहुत कम व नेत्रों को बीच बीच में आराम देते हुए ही टीवी देखना चाहिए।

इस प्रकार यदि थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो हम टीवी देखने का लुत्फ भी उठा सकते हैं और अपनी आंखों के स्वास्थ्य को भी दुरूस्त बनाए रख सकते हैं।

e Marketing

MEDIA HUB

- Make your product video
- Promote your product online
- Get E-Marketing

YouTube

facebook

And you too become a part of online Marketing to brighten up your.

Business

....Social Media Marketing
....Search Engine Marketing
....Content Marketing

WE BUILD
BRANDS

9810301172, 9871490325
groupmediahub@gmail.com

प्रसन्न रहने के उपाय

लाईफ संजीवनी डेस्क

जब व्यक्ति प्रसन्न होता है तो वह नाचता है, गाता है, गुनगुनाता है, हंसता है, मुस्कुराता है, हाथ मिलाता है, चूमता है, दूसरों को स्पर्श करता है, दूसरों को आलिंग. नबद्ध करता है तथा इसी प्रकार की अन्य चेष्टाएँ या क्रियाएँ करता है। प्रसन्नता की अवस्था में व्यक्ति अपने प्रियजनों के लिए उपहार खरीदता है अथवा किसी ज़रूरतमंद व्यक्ति की सहायता के लिए आगे आता है।

जब व्यक्ति किसी भी वजह से प्रसन्न होता है तो वह अपनी प्रसन्नता दूसरों पर प्रकट करना चाहता है, दूसरों से बाँटना चाहता है तथा दूसरों के लिए कुछ करना चाहता है ताकि वे भी प्रसन्नता का अनुभव कर सकें और इस प्रकार अपनी प्रसन्नता को चिरस्थायी बनाना चाहता है।

कहने का तात्पर्य यह है कि प्रसन्नता की अवस्था में व्यक्ति की मनोदशा में सकारात्मक परिवर्तन आता है। अब यदि व्यक्ति सामान्य अवस्था में अथवा विषम प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उन क्रियाओं को दोहराता है जिन्हें वह प्रसन्नता की अवस्था में दोहराता है तो भी उसकी मनोदशा पर सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा।

उपरोक्त किसी भी क्रिया के करने या दोहराने से व्यक्ति को स्वाभाविक रूप से प्रसन्नता होगी ही और प्रसन्नता का अर्थ है दबाव से मुक्त तनावरहित तथा चिंतारहित मनोदशा। ऐसी अवस्था में शरीर में स्थित अंतःस्रावी ग्रंथियाँ उपयोगी हार्मोंस उत्सर्जित कर हमें रोगमुक्त तथा स्वस्थ बनाती हैं तथा स्वस्थ व्यक्ति की जीवनीशक्ति के स्तर में वृद्धि कर उसे निरंतर आरोग्य प्रदान करती हैं।

अतः उपरोक्त क्रियाओं को अपनी आदत में शामिल कर लें, इनकी कंडीशनिंग कर लें। जब भी अवसर मिले। नाचें–गाएँ, गुनग. नाएँ, हँसें और मुस्कुराएँ। इन क्रियाओं को दोहराने के लिए अवसर तलाश करें और यदि अवसर न भी मिले तो यूँ ही जब जी चाहे, एकांत एवं फुर्सत के क्षणों में इन क्रियाओं को दोहराएँ।

हँसना तो अपने आप में एक चिकित्सा पद्धति है। कई लोगों का अनुमान है कि बनावटी हँसी का कोई लाभ नहीं लेकिन ऐसा नहीं है। रोगों या व्याधियों का स्वरूप भी प्रायः मनोदैहिक होता है जो बनावटी जैसा ही होता है। हमारे मन ने मान लिया तो रोगी और नहीं माना तो निरोग। हंसने में भी यही नियम लागू होता है। हंसने का प्रयास कीजिए। यदि प्रयास करके भी हंसी आ जाती है तो वो भी वास्तविक हंसी से कम नहीं।

हंसने के दौरान जो सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है वो यह कि उस समय आपका सारा चिंतन समाप्त हो जाता है। मन में किसी भी प्रकार के विचार नहीं आते। मन निर्मल हो जाता है। यही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार है। हंसने या उपरोक्त अन्य क्रियाओं का मनःस्थिति पर सकारात्मक प्रभाव अवश्य पड़ेगा। ये क्रियाएं जितना सचेष्ट और सचेत होकर की जाएंगी, उतनी ही लाभदायक होंगी। उसी उत्साह से की जाएँ जिस उत्साह से प्रसन्नता की स्थिति में की गई हैं तो अवश्य प्रसन्नता प्रदान करेंगी।

प्रसन्नता की अवस्था में हम कोई न कोई रचनात्मक या सृजनात्मक कार्य करते हैं तो रचनात्मक कार्य से भी हमें स्वाभाविक रूप से प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। समाज सेवा या कोई हॉबी अपनाने से भी जीवन में प्रसन्नता के अवसर आते हैं। इन कार्यों से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है जिससे हमारी स्वाभाविक उपचारक शक्ति का विकास होता है जो हमारी प्रसन्नता का मूल है।

इसके अतिरिक्त अन्य मनोरंजक क्रियाएँ खेल–कूद तथा शिल्प कलाओं का अभ्यास भी व्यक्ति की प्रसन्नता के स्तर में वृद्धि करता है। कई बार जब हम प्रसन्न होते हैं तो फिल्म देखने या कहीं बाहर घूमने चले जाते हैं अथवा मनोरंजन का अन्य कोई विकल्प तलाशते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रसन्नता और मनोरंजन भी एक दूसरे के पर्याय हैं, पूरक हैं।

इसके विपरीत स्थिति देखिए। काम का बोझ है अतः मानसिक तनाव भी स्वाभाविक है। ऐसी दशा में प्रसन्नता कहाँ? लेकिन इस स्थिति में परिवर्तन ला दिया जाए तो प्रसन्नता दूर नहीं। कार्य करने के स्थान को छोड़कर कहीं अन्यत्रा चले जाएँ, कहीं घूमने, पिकनिक पर अथवा फिल्म देखने। आप लौटेंगे तो प्रसन्नचित्त और उत्साहित होकर और इस मानसिक दशा में शेष कार्य को शीघ्र समाप्त कर लेंगे। इस प्रकार का स्थान परिवर्तन मन में भाव परिवर्तन के लिए आवश्यक है, अतः थोड़े–थोड़े अंतराल के बाद बाहर घूमने जाएं। साल में एक दो बार पूरे परिवार के साथ लंबी छुट्टियां लेकर भी बाहर घूमने जाएं।

अपने आहार को बनायें

रेशेदार

लाईफ संजीवनी डेस्क

आज के प्रगतिशील युग में सब एक दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं। अधिक से अधिक समय कामों में व्यस्त रहते हैं ताकि वे दौड़ में सबसे आगे रहें चाहे उसके पीछे उन्हें अपना भोजन अनियमित करना पड़े या भूखा रहना पड़े। भोजन के प्रति लोगों की लापरवाही बढ़ती जा रही है,बस पेट भरने के लिए कैसा भी बाज़ारी डिब्बाबंद, फास्टफूड, मसालेदार भोजन मिलना चाहिए।

इस भोजन से पेट की तृप्ति भले ही हो जाए और जीभ को स्वाद भले ही अच्छा मिल जाये पर शरीर को यह भोजन कितनी पौष्टिकता प्रदान करता है, इसके बारे में भी जानकारी रखना जरूरी है। यदि तन स्वस्थ है तो दिमाग भी सही काम करता है और आगे बढ़ने के लिए स्फूर्ति प्रदान करता है।

यह संभव है कि फास्ट फूड, डिब्बाबंद और बाजारी भोजन अधिक स्वादिष्ट होता है पर वास्तव में यह भोजन पौष्टिकता से विहीन होता है। इसलिए किसी भी प्रकार का भोजन करने से या बनाने से पूर्व यह ध्यान में रखें कि जो भोजन आप खा रहे हैं, उसमें पर्याप्त रेशा है या नहीं। आमतौर पर हम इस बारे में अधिक सोचते ही नहीं है कि 'रेशा' पर्याप्त है या कम।

आहार विशेषज्ञों के अनुसार हमें प्रतिदिन कम से कम 25 से 30 ग्राम तक रेशा' खाना चाहिए। 'रेशे का सबसे अधिक असर हमारी पाचन क्रिया पर पड़ता हैं जो शरीर से सारी गंदगी, विषैले तत्व शरीर से बाहर निकालने में सहायता करता है। यदि यही विषैले पदार्थ शरीर में ही रहें तो हमारा शरीर कई भयानक बीमारियों से ग्रस्त हो जाए। इससे हमारे शरीर में कैंसर, कब्ज जैसे रोग पैदा हो सकते हैं।

'रेशेदार' भोजन हमें ताजे मौसमी फल और सब्जियों से आसानी से मिल जाते हैं। इसके अतिरिक्त सोयाबीन में 'रेशा' प्र्याप्त मात्रा में मिलता है। ताज़े मौसमी फलों में सेब (छिलके सहित), नाशपाती, पपीता, केला, संतरा आदि आते हैं। सब्जियों में पालक, पत्ता गोभी, खीरा, सभी प्रकार के साग, घीया आदि का नियमित रूप से सेवन करें।भोजन में सब्जियों के साथ चोकर युक्त रोटी, बिना पॉलिश के चावल आदि लेने चाहिए। नाश्ते में गेहूं या ज्वार का दलिया लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त अंकुरित दालें, मक्का, साबुत दालें, मूंगफली आदि का सेवन नियमित करना चाहिए।

मैदे से बने खाद्य पदार्थ, फॉस्ट फूड, डिब्बाबंद भोजन का सेवन कम से कम करना चाहिए। यदि हम दैनिक भोजन में उपरोक्त खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन करें तो हमें पर्याप्त मात्रा में 'रेशा' प्राप्त हो सकता है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ रह सकता है और हम आज की गहमा गहमी भरे जीवन में स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। हमारे स्वास्थ्य संबंधी विच. ारों से हमारे बच्चे भी इस बात का लाभ उठा सकते हैं।

यह संभव है कि फास्ट फूड, डिब्बाबंद और बाजारी भोजन अधिक स्वादिष्ट होता है पर वास्तव में यह भोजन पौष्टिकता से विहीन होता है। इसलिए किसी भी प्रकार का भोजन करने से या बनाने से पूर्व यह ध्यान में रखें कि जो भोजन आप खा रहे हैं, उसमें पर्याप्त रेशा है या नहीं।

ALISHAN Entertainment

Alishan Entertainment

Presents

Admiring Excellence Awards

ANIL ARORA
Co-Editor,
Director Chetan Advertising

Registration Open

AEA 2021

- AWARD
- MEDIA COVERAGE
- CERTIFICATION

17th OCTOBER 2021 SUNDAY
2:00pm-5:00pm

Contact: +91-99904-28325
E_mail: alishanentertainmentgroup@gmail.com

Multipurpose Hall, INDIA INTERNATIONAL CENTRE,
Lodhi Roads, New Delhi-110003

Mohammad Ali
Director of Alishan Entertainment
Event Organizer

Vanshdhara · Chetan Advertising · आपकी सेहत · मार्गोदय

KCF
KRISHNA CHOUHAN FOUNDATION
Present

MAHATMA GANDHI RATNA AWARD 2021

AWARDEE

Anil Arora
Co- Editor Director,
Brand Ambassador & Vice President Chetan Advertising

FOUNDER & DIRECTOR
Dr. KRISHNA CHOUHAN
8169036309

2nd October 5pm

Mayor's Hall, Near BMW Showroom, Juhu Line Andheri (W), Mumbai- 58
www.krishnachouhanfoundation.com

BRIGHT OUTDOOR MEDIA PVT. LTD. · SIDDHIVINAYAK TROPHIES & GIFTS · DWAPAR PROMOTERS

यौन (Sex) रोगों के ईलाज के लिये शेख दवाखाने का नाम हिन्दुस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में कई दशको से जाना जाता है।

एक मुलाकात डा. शेख के साथ

- Gold Medalist
- Best Sexologist of India
- Pride of Country
- Kohinoor A Tibb.
- Chikitasak Ratan
- Manav Sewa Ratan
- Ahinsha Dharam Rattan

प्र. सर मैं नामर्दी से परेशान हुं काफी ईलाज कर चुका हुं कोई फायदा नही हुआ ।

उ. आप हमारे दवाखाने पर आईये और भरोसा रखिये हमारे यहाँ पर कीमती जडी–बूटियों और भस्मों से ईलाज किया जाता है जो शत–प्रतिशत कामयाब ईलाज है।

प्र. शीघ्रपतन (Premature Ejaculation) की वजह से मेरा वैवाहिक जीवन खराब चल रहा है ईलाज बतायें

उ. शीघ्रपतन का रोगी अपनी पत्नी को कभी संतुष्ट नहीं कर सकता शीघ्रपतन कइ वजह से आज रोजाना तलाक हो रहे है और तमाम नाजायज संबध बन रहे है हमारे यहाँ पर इसका सफल ईलाज मौजूद है या आप हमारी मर्द एक्ट्रसा टाईम बटी उपयोग कर सकते है।

प्र. क्या लिंग (Penis) का साईज बढ सकता है।

उ. बचपन में की गई गलतियों के कारण या हार्मोनस अनबैलेस होने की वजह से लिंग के अंदर छोटापन, पतलापन है तो इसका ईलाज हमारे यहाँ कई दशको से किया जा रहा है जो शत–प्रतिशत कामयाब है या आप हमारी XXL Cream उपयोग कर सकते है।

प्र. आजकल नौजावनो को स्वप्नदोष (NightFall) की आम समस्या हो गई है नौजवान इधर उधर ईलाज करा कर परेशान है। कोई सफल ईलाज बतायें।

उ. नौजवान आजकल फास्ट फुड और नंगी फिल्मे और इंटरनेट का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं इसकी वजह से स्वप्नदोष की आम समस्या है हमार इनके लिये यही सलाह है की यह शर्म संकोच को छोडकर और नीम हकीमों के चक्कर मे न पडें किसी योग्य डाक्टर से सलाह लें शेख दवाखाने पर धात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, का ईलाज किया जाता है और रसायन कल्प पाऊडर के नाम से दवा भी बाजार में उपलब्ध है।

प्र. आजकल तमाम दम्पतियां औलाद न होने की वजह से या शुक्राणुओं की कमी के कारण माता पिता नहीं बन पा रहे है।

उ. आजकल IVF कृत्रिम गर्भाधान आम बात हो गई है डाक्टर जिन रोगियों के वीर्य के अंदर 10 से 15% शुक्राणु है उनको भी न (IVF) की सलाह दे रहे हैं। शेख दवाखाने पर जिन भाईयों के शुक्राणु कम हैं, निल है या मृत हैं उनके लिये देशी जडी–बूटियों भस्मो, कुश्तों, हीरा भस्म, स्वर्ण भस्म जैसी बहुमूल्य दवा तैयार है और इन दवाओं के इस्तेमाल से 99% रोगीयों को लाभ पहुँचता है और उनको औलाद का सुख प्राप्त होता है। अगर आप भी शुक्राणुओं की समस्या से परेशान हैं तो एक बार अवश्य शेख दवाखाने पर सम्पर्क करें।

प्र. क्या आप की दवाऐं विदेशों में भी प्राप्त हो जाती है।

क हमारी दवाऐं व हमारे ईलाज देश के साथ विदेशों में भी उपलब्ध कराये जाते है। हमारे दवाखाने पर तमाम देशों से लोग ईलाज के लिये आते है और जो भाई सऊदी अरब, कुवैत, ईरान, ईराक, अमेरिका, श्रीलंका, चीन, इंडोनेशिया, अफ्रीका व अन्य देशों में रह रहे है और ईलाज के लिये भारत नहीं आ सकते उन्हें फोन पर सम्पर्क करके व उनकी बिमारी को समझकर उनको दवाऐं डाक के जरिये भेजी जाती है। उनको पहले शेख दवाखाने के एकांउट में पैसा जमा करना होता है।

स्वप्नदोष (Nightfall),
स्त्री-पुरुषों में कामशीलता,
शीघ्रपतन (Premature Ejaculation)
वीर्य में शुक्राणु न होना (Azoospermia)
स्त्री-पुरुषों में संभोग शक्ति का अभाव

स्त्री-पुरुषों में सन्तानहीनता (Infertility),
वीर्य में शुक्राणु कम होना (Oligospermia),
पुरुषों में विभिन्न यौन समस्याएँ
इन्द्रीय दुर्बलता आदि
समस्याओं का सर्वोतम निदान

भारत प्रसिद्ध *Best Sexologist in India* गोल्ड मेडलिस्ट

डा. शेख

G.A. M.S. (Ayurvedacharya), D.U.M. (Unani), M.D.(TCM) Specialist (Sex & Piles)
A.R.S.H London (U.K.) (Most Senior Consultant In Ayurveda)

मिलें रोजाना बस स्टेण्ड पलवल | मिलें हर इतवार महोली रोड, मथुरा | मिलें हर शुक्रवार रुई की मण्डी चौराहा, आगरा | मिलें हर मंगलवार पै. 18, मेट्रो सेक्टर नोएडा | मिलें हर बुधवार नीलम चौक फरीदाबाद

9837023223, Web. : www.drsheikh.in, E-mail : drsheikhvip@gmail.com

Google play YouTube indiamart Justdial lybrate Dr. Sheikh

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सत्ता मेल

दिल्ली और मेरठ से प्रकाशित

भारत में तेजी से उभरता हुआ दैनिक समाचार पत्र

खबरें छुपाते नहीं, हम छापते हैं...!

सम्पादकीय कार्यालय : सी-49, गली नं.-2, गंगा विहार, निकट गोकलपुरी, दिल्ली-94

सम्पर्क सूत्र : 09811098940, 09013539033

Email : sattamail1234@gmail.com, lifesanjeevani5@gmail.com